प्रादेिक समाचार
दिनांक–08.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष के वाकआउट के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत के पक्ष में 45 वोट पड़े। सदन में मतों की गिनती के दौरान विपक्ष के विधायक हंगामा करते हुए वॉक आउट कर गये। हेमंत सोरेन के विश्वास मत हासिल करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

फ्लोर टेस्ट जीतने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 से हम लगातार संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं और आज फिरसत्ता पक्ष की ताकत और शक्ति सबको देखने को मिली।

****

विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद अब से थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार कर सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजभवन से दोपहर साढे तीन बजे का समय मांगा गया है। श्री सोरेन मंत्रिमंडल विस्तार में 11 मंत्रियों की पूरी टीम लेकर आ सकते हैं। मंत्रिमंडल में कुछ नये चेहरों को शामिल किये जाने की संभावना है।

****

सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई कर रहा है। इनमें नीट–2024 परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार के आरोप तथा नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ कुल 38 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ सबसे पहले उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिनमें गड़बड़ी के आधार पर पूरी परीक्षा को चुनौती देते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है। उसके बाद एनटीए और केंद्र की दलीलें सुनी जाएंगी। इससे पहले, शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक हलफनामे में केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा था कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर गडबड़ियों के कोई भी सबूत नहीं मिला है। ऐसे में परीक्षा दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवार प्रभावित होंगे।

****

गिरिडीह जिले की साइबर सेल पुलिस ने आज एक कुख्यात साइबर अपराधी सोनू कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि सोनू गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गापैय गांव का रहने वाला है। वह कई मामलों में आरोपी हैं और मुंबई में साइबर ठगी के आरोप में जेल जा चुका है। एसपी ने बताया कि उसने साइबर अपराध के द्वारा ठगी की हुई राशि से कई छोटी बड़ी महंगी गाड़ियां और दो एकड़ जमीन भी अलग अलग स्थानों पर अपने परिजनों के नाम से खरीदा है। एसपी ने बताया कि इस मामले की जांच करवाकर पुलिस उसकी संपति अटैच करेगी।

****

पलामू जिले में स्थापित तीनों सीएम ऑफ एक्सीलेंस स्कूलों के विद्यार्थी किताबों से वंचित हैं। और जानकारी के साथ हमारे पलामू संवाददाता।

****

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सिंगरा के रहने वाले बीएसएफ जवान अमित शुक्ला का पार्थिव शरीर आज सुबह उसके पैतृक गांव लाया गया। शव पहुंचते ही गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। बीएसएफ जवान की अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अमित शुक्ला की मौत जम्मू कश्मीर में सड़क हादसे में शनिवार की सुबह हो गई थी। वह अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर अपने घर आ रहे थे।

**********समाप्त*******